संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर जोर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साईखेड़ा की संगठन समीक्षा एवं कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित

नवभारत/ नरसिंहपुर साईखेड़ा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साईखेड़ा के तत्वावधान में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल के निर्देशन एवं वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में श्रीराम मैरिज गार्डन बनवारी में संगठन समीक्षा एवं कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साईखेड़ा के अध्यक्ष लखन पटेल ने संगठन समीक्षा बैठक का एजेंडा प्रस्तुत करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने तथा कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित

करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने बूथ की जिम्मेदारी सक्रियता एवं जिम्मेदारी के साथ निभानी होगी।

कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल जरूरी

समीक्षा बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस संगठन की वास्तविक शक्ति बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं। प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल और सक्रियता से संगठन को मजबूत किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर लगातार संगठन समीक्षा बैठकों का आयोजन करने की पहल की जा रही है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश

बैठक में आगामी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर भी कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने तथा सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर निगरानी रखने के संबंध में कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में किसानों की समस्याओं, स्थानीय जनसमस्याओं और क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों को लेकर जनता के बीच पहुंचने की रणनीति पर भी चर्चा हुई।

एक बगिया मां के नाम से संवरा परिवार का भविष्य

नरसिंहपुर। जन विश्वास अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने और उन्हें आजीविका के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत अमथनू के अंतर्गत ग्राम सुआतला में कलेक्टर रजनी सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश ने भ्रमण कर विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान आजीविका मिशन के माध्यम से एक बगिया मां के नाम योजना से लाभान्वित हितग्राही श्रीमती वंदना सोनी की बगिया का निरीक्षण किया गया। बगिया में नींबू, अमरूद एवं पपीता सहित लगभग 50 फलदार पौधे लगाए गए हैं।

अवैध शराब के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी

नवभारत/ नरसिंहपुर। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में नरसिंहपुर पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के जिले में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों की गतिविधियों एवं उनके संबंध में सूचनाएं एकत्रित करने हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है। साथ ही पूर्व में अवैध शराब के प्रकरणों में पकड़े गए व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। मुखबिरों से प्राप्त सूचनाओं एवं निगरानी के आधार पर अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही करते हुए धरपकड़ की जा रही है। ग्राम भैसा के पास घेराबंदी कर दो आरोपी गिरफ्तार, 60 लीटर

कच्ची महुआ शराब एवं मोटरसाइकिल जप्त = इसी क्रम में चौकी सिंहपुर, थाना स्टेशनगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम भैसा के पास घेराबंदी कर दो आरोपियों को मोटरसाईकिल के माध्यम से अवैध शराब की तस्करी करते हुए पकडा गया है। मामले में आरोपी मुकेश पिता नारायण कतिया एवं अन्नीलाल पिता कड़ोरीलाल दोनो नि ग्राम मोहद, थाना करेली को गिरफ्तार किया जाकर उनके कब्जे से 60 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जप्त कर उसके विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीवद्ध किया गया है। कार्यवाही में शराब एवं मोटरसाईकिल सहित लगभग 1 लाख रुपये का मशरूका जप्त किया गया। कार्यवाही में सराहनीय भूमिका- उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी सिंहपुर उप निरीक्षक संजय सूर्यवंशी, प्रधान आरक्षक नितिन श्रीवास्तव, आरक्षक अभिषेक, सैनिक देवेश की सराहनीय भूमिका रही है।

एक नजर में

मंदिरों में योग से निरोग रहने का दिया संदेश

नरसिंहपुर। सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत जिले में स्वस्थ जीवनशैली एवं योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को आयुष विभाग द्वारा विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में योग जागरूकता एवं योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर कमोद, खमरिया झांसी घाट, हीरापुर (चीचली) एवं बचई में योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों, बच्चों एवं संबंधित अमले ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा विभिन्न योग गतिविधियों का अभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान योग के नियमित अभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने, तनाव कम करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में जागरूक किया गया। प्रतिभागियों को योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर योग के महत्व और इसके स्वास्थ्यवर्धक प्रभावों की जानकारी देते हुए नियमित योगाभ्यास के माध्यम से स्वयं को स्वस्थ एवं निरोग रखने का संदेश दिया।

जिले के 145 विद्यार्थी योजना से हुए लाभान्वित

नरसिंहपुर। जिले के 145 विद्यार्थी मुख्यमंत्री स्कूटी योजना से लाभान्वित हुए हैं। योजना से लाभान्वित छात्र-छात्राओं ने वीडियो संदेश के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में कार्यक्रम के वेबकास्ट के माध्यम से सीधे प्रसारण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इस क्रम में पीएम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर, सांदीपनि विद्यालय नरसिंहपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरखपुर एवं शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर सहित विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा।

युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन गाडरवारा में 21 सितम्बर को

नरसिंहपुर। जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार व अप्रेन्टिशिप एवं रोजगार अवसर के लिए युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, गाडरवारा में 21 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से किया जायेगा। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं के ऋण वितरण पत्र जारी किये जायेंगे। जिसमें 10 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा 5वीं से स्नातकोत्तर, आईटीआई उत्तीर्ण, डिप्लोमा उत्तीर्ण, इंजीनियरिंग स्नातक उत्तीर्ण एवं अन्य कौशल प्रशिक्षण प्राप्त आवेदकों का चयन विभिन्न पदों पर किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी नरसिंहपुर ने इच्छुक आवेदक को अपने समस्त दस्तावेजों के साथ कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ लेने के लिए कहा है। जिले के विभिन्न निजी क्षेत्र के नियोक्ता जिन्हें अपनी कंपनी/ शोरूम होटल एवं अन्य प्रतिष्ठित निजी संस्थानों के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता है, वह भी मेला स्थल पर अपना स्टाल लगाकर आवश्यकतानुसार चयन कर बेरोजगार युवक/ युवतियों को रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 3 अक्टूबर को

नवभारत/ तेंदूखेड़ा अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में भारतीय संस्कृति उज्ज्वल भविष्य की आधार शिला की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन इस वर्ष 03 अक्टूबर को किया जा रहा है। परीक्षा का उद्देश्य संस्कृति से परिचय विद्यार्थियों को भारत के गौरवशाली इतिहास महान परंपराओं तथा प्राचीन ज्ञान विज्ञान से परिचित कराना है। नैतिक एवं मानवीय मूल्यों का विकास बच्चों एवं युवाओं में सदाचार संवेदन शीलता आत्म अनुशासन तथा मानवीय मूल्यों का विकास करना चरित्र निर्माण युवा पीढ़ी को सत्प्रवृत्तियों आदर्श जीवन मूल्यों एवं देवत्व की दिशा में प्रेरित करना। राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना मातृ भूमि के प्रति गौरव समर्पण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना जीवनजीने की कला सिखाना युवाओं को सात्विक संस्कारित एवं संतुलित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना। इस परीक्षा में कक्षा 5वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भारतीय इतिहास एवं संस्कृति महान विभूतियों की जीवनियां वैज्ञानिक अध्यात्मवाद नैतिक एवं चारित्रिक शिक्षा पर्यावरण संरक्षण जीवन जीने की कला ओ एम आर शीट आधारित परीक्षा सही उत्तर का चयन कर उत्तर अंकित करना होता है।

कक्षा 3 से 5 के शिक्षकों का शैक्षिक संवाद

नवभारत/ तेंदूखेड़ा। विगत दिवस कक्षा 3 से 5 में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक दक्षताओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा में शिक्षकों के लिए शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया। संवाद के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों के सीखने के स्तर भाषा एवं गणितीय दक्षताओं तथा कक्षा शिक्षण में आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर विचार विमर्श किया।कार्यक्रम में राजेन्द्र पटैल एवं अशोक किरार द्वारा शिक्षकों से संवाद करते हुए प्रभावी शिक्षण के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने विद्यार्थियों में प्रभावी पठन एवं लेखन कौशल विकसित करने पढ़ने की समझ बढ़ाने तथा बच्चों को नियमित अभ्यास के माध्यम से सीखने के अवसर उपलब्ध कराने

पर जोर दिया। शैक्षिक संवाद में गत माह की शैक्षणिक प्रगति एवं डैशबोर्ड पर दर्ज जानकारी की समीक्षा करते हुए आगामी अवधि के लिए आवश्यक कार्ययोजना पर चर्चा की गई। शिक्षकों ने कक्षा शिक्षण के दौरान आने वाली कठिनाइयों और अपने अनुभव साझा किए तथा उनके व्यावहारिक समाधान पर भी विचार किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के सतत आकलन पर विशेष चर्चा की गई। बच्चों के सीखने के स्तर की नियमित पहचान कर कमजोर विद्यार्थियों के लिए सुधारात्मक शिक्षण की योजना बनाने तथा प्रत्येक विद्यार्थी की प्रगति पर ध्यान देने की बात कही गई। संवाद का उद्देश्य शिक्षकों के बीच शैक्षणिक अनुभवों का आदान प्रदान करते हुए कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाना तथा विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता में निरंतर सुधार लाना रहा।

विद्युत कार्यालय में एमडी का निरीक्षण

नवभारत/ करेली। विद्युत कार्यालय का एमडी अजय गुप्ता ने किया निरीक्षण सतत विद्युत आपूर्ति, शिकायतों के त्वरित निराकरण और बकायादारों पर वसूली कार्रवाई के दिए निर्देश

करेली। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अजय गुप्ता ने शुक्रवार को करेली स्थित विद्युत वितरण कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं सतत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा बिजली संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान एमडी गुप्ता ने विद्युत बिलों के बकायादार उपभोक्ताओं से बकाया राशि की वसूली को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबे समय से विद्युत बिलों का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार वसूली कार्रवाई की जाए। इसी क्रम में उन्होंने वितरण केंद्र प्रभारी दीपक रघुवंशी को ऐसे बकायादारों के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एमडी ने कार्यालय की कार्यप्रणाली और उपभोक्ता सेवाओं की स्थिति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों से कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए मैदानी स्तर पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नरसिंहपुर संभाग प्रभारी विवेक सहित विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

विद्या भारती समूह का एकल खेलकूद समारोह का आयोजन

नवभारत/ करेली विद्या भारती के अंतर्गत केशव शिक्षा समिति,महाकौशल प्रांत (म.प्र.) द्वारा आयोजित समूह एवं एकल खेल-कूद समारोहङ्क2026 का आयोजन में मुख्य अतिथि पूर्व राज्य सभा सांसद कैलाश सोनी ने खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रति भागी को सम्मानित कर कहा कि खेल खेलने बालों को जीत और हार का सामना करना पड़ता हे खेल खेलने से मन में शांति मिलती है। विजेताओं को पुरस्कार देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना दी। यह खेल कूद 16 सितंबर 2026 से 18 सितंबर 2026 तक आयोजित किया गया था। सरस्वती शिशु मंदिर, बसखेड़ा, करेली, में आयोजित था।

खेल-कूद के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का विकास होता है। बड़ी संख्या नागरिक उपस्थित रह।

ज्ञान गंगा विद्यापीठ में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित

नवभारत/ नरसिंहपुर। ज्ञान गंगा विद्यापीठ हाईस्कूल (पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास, नरसिंहपुर) में शनिवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत मेरे सपनों का भारत विषय पर एक भव्य और प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्साह और उमंग से भरपूर इस आयोजन में विद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता से भारत के विकास और गौरवशाली इतिहास को ड्राइंग कॉपी पर उतारा। प्रतियोगिता के मुख्य विषयों में स्टेचू ऑफ़

यूनिटी, अयोध्या का राम मंदिर, चंद्रयान मिशन, डिजिटल भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना, सांदीपनि विद्यालय, चिनाब ब्रिज, नया संसद भवन, सौर ऊर्जा, उज्ज्वला गैस, वंदे भारत ट्रेन, एनटीपीसी, और प्रधानमंत्री जन धन योजना शामिल रहे। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई इन आकर्षक और मनमोहक पेंटिंग्स ने सभी का मन मोह लिया। इसके साथ ही, भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं अंजलि ठाकुर और दामनी रजक ने अपने ओजस्वी व प्रभावशाली विचारों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। चित्रकला प्रतियोगिता में दिव्या, भावना, कृष्णा सोनी, हर्ष धानक और हेमंत सहित अनेक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कामथ वार्ड के पार्षद पुरुषोत्तम साहू गुड्डा, विशेष अतिथि के रूप में तीरथ साहू सोनू , समाजसेवी एवं युवा भाजपा कार्यकर्ता शैलेंद्र खरे और पत्रकार मनीष साहू बंटी ने शिरकत की। अतिथियों ने बच्चों की कला और उनके आत्मविश्वास की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार की अहम भूमिका रही। इस दौरान संचालक बसंत सोनी, प्रिंसिपल शकुन सोनी, सूरजकुमार सोनी, तथा शिक्षकगणों में ज्योति पुरिया, अनिता दुबे, वैशाली सिलावट, कीर्ति सराठे सहित समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान में छात्राओं ने दिया सामाजिक जागरूकता का संदेश

नवभारत/ नरसिंहपुर। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत जिले में सेवा, स्वच्छता, सामाजिक जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में शासकीय महिला महाविद्यालय, नरसिंहपुर में महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में छात्राओं ने चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान, नशामुक्ति विषय पर जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से सेवा, स्वच्छता, नशामुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने अपने विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, वहीं नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता रैली के माध्यम से समाज को नशे से दूर रहने तथा स्वच्छता के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पशु चिकित्सा विभाग द्वारा बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र उमरिया में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। पौधरोपण के माध्यम से नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए।

ऊर्जा सचिव विशेष गढ़पाले ने बरमान सब स्टेशन का किया निरीक्षण

नवभारत/ नरसिंहपुर। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा सचिव श्री विशेष गढ़पाले ने जिले के 132/33 केवी एमपी ट्रांसको सब स्टेशन बरमान का निरीक्षण किया। उन्होंने सब स्टेशन की विद्युत व्यवस्था, उपलब्ध क्षमता, उपकरणों के रखरखाव तथा आगामी रबी सीजन को दृष्टिगत रखते हुए लोड प्रबंधन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान श्री गढ़पाले ने सब स्टेशन में स्थापित पावर ट्रांसफार्मरों सहित विभिन्न विद्युत उपकरणों का अवलोकन किया तथा उनके रखरखाव और मेंटेनेंस की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मुख्य अभियंता परीक्षण श्री एमवाई मंसूरी से सब स्टेशन के वर्तमान वोल्टेज प्रोफाइल, विद्युत लोड तथा आपूर्ति व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। ऊर्जा सचिव श्री गढ़पाले ने निर्देश दिए कि आगामी रबी सीजन में किसानों को सिंचाई के लिए निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित वोल्टेज पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि रबी सीजन में सिंचाई भार बढ़ने से विद्युत मांग में वृद्धि होती है। इसे ध्यान में रखते हुए सब स्टेशन एवं उससे जुड़े फीडरों की क्षमता और उपलब्धता की पूर्व समीक्षा कर सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाएं। उन्होंने सब स्टेशन में स्थापित कैपेसिटर बैंक को पूरी क्षमता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित रखने के निर्देश दिए, ताकि विद्युत प्रणाली का वोल्टेज प्रोफाइल बेहतर बना रहे और किसानों को सिंचाई के दौरान वोल्टेज संबंधी परेशानी का सामना न करना पड़े। श्री गढ़पाले ने 132 केवी बरमान सब स्टेशन से निकलने वाले विभिन्न 132 केवी एवं 33 केवी फीडरों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सब स्टेशन में स्थापित स्काडा प्रणाली तथा ऑप्टिकल फाइबर ग्राउंड वायर के माध्यम से डेटा ट्रांसमिशन एवं संचार व्यवस्था की भी जानकारी ली। मुख्य अभियंता श्री मंसूरी ने इन तकनीकों के माध्यम से विद्युत प्रणाली की निगरानी, डेटा संचार एवं परिचालन व्यवस्था के संबंध में अवगत कराया।

हाईवे पर बेसहारा मवेशियों की सुरक्षा के लिए एनएचएआई और पशु चिकित्सा विभाग की पहल

नवभारत/ नरसिंहपुर। राष्ट्रीय राजमार्गों पर रात के समय बेसहारा मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं मवेशियों की सुरक्षा के उद्देश्य से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एवं पशु चिकित्सा विभाग, नरसिंहपुर द्वारा संयुक्त रूप से पहल की जा रही है। दोनों विभागों के समन्वय से जिले के राष्ट्रीय राजमार्गों पर विचरण करने वाले बेसहारा मवेशियों के सींगों एवं गले में रेडियम रिफ्लेक्टर बैंड एवं स्ट्रिप्स लगाए जा रहे हैं। पशु चिकित्सा विभाग की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आभा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संचालित इस अभियान का उद्देश्य रात के अंधेरे एवं कोहरे के दौरान हाईवे पर बैठे या विचरण कर रहे मवेशियों को वाहन चालकों के लिए दूर से ही दृश्यमान बनाना है। जिससे वाहन चालकों को सड़क पर मौजूद मवेशियों की जानकारी समय रहते मिल सकेगी। इस पहल से राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवागमन करने वाले वाहन चालकों एवं यात्रियों की सुरक्षा के साथ ही बेसहारा गोवंश को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने में मदद मिलेगी। विशेष रूप से रात एवं कोहरे के दौरान सड़क पर अचानक सामने आने वाले मवेशियों के कारण दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना को कम करने के लिए यह पहल उपयोगी है।

प्रतियोगिता तीनों आयु वर्गों में जिले की टीमों ने जीता खिताब, खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार खेल

खेल मैदान से जुड़ें बच्चे, नशे से रहें दूर : प्रहलाद सिंह पटेल

नवभारत/ नरसिंहपुर। प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम मैदान, गोटेगांव में किया गया। मंत्री श्री पटेल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चों एवं युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर खेल गतिविधियों से जुड़ना चाहिए। खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य एवं संघर्ष करने की क्षमता विकसित करते

हैं। उन्होंने कहा कि खेल मैदान में उतरकर चुनौतियों का सामना करने की आदत जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने खिलाड़ियों से पूरे उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ निरंतर अभ्यास करने तथा अपने प्रदर्शन में सुधार के लिए प्रयासरत रहने का आह्वान किया। गोटेगांव क्षेत्र में कबड्डी को लेकर लंबे समय से सक्रिय खेल वातावरण रहा है।

कार्यक्रम

कार्यक्रम में विधायक महेंद्र नागेश, पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा, जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुज जैन, बीआरसी गोटेगांव उमाशंकर छिरा सहित विभिन्न विद्यालयों के खेल शिक्षक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग के नरसिंहपुर, जबलपुर, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा एवं कटनी जिलों के बालक खिलाड़ियों ने 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

साइबर अपराध और ऑनलाइन ठगी से बचाव की दी जानकारी

- डिजिटल अरेस्ट, म्यूल अकाउंट, मनी लॉन्ड्रिंग और फर्जी लिंक के प्रति किया जागरूक

नवभारत/ नरसिंहपुर। केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार बैंक ऑफ इंडिया शाखा नरसिंहपुर में सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आमजनों को साइबर अपराध एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई तथा सतर्क एवं जागरूक रहने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान डिजिटल अरेस्ट, म्यूल अकाउंट, मनी लॉन्ड्रिंग, ओटीपी शेयरिंग, विश्वासघाती एवं फर्जी लिंक के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों के संबंध में

जानकारी दी गई। उपस्थित नागरिकों को समझाया गया कि साइबर ठगी से बचने के लिए किसी भी अनजान या संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करें तथा अपनी बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी, पासवर्ड एवं ओटीपी किसी भी व्यक्ति के साथ साझा न करें। इस अवसर पर जबलपुर आंचलिक कार्यालय से मुख्य प्रबंधक, सतर्कता विभाग श्री धीरज महाराज, शाखा प्रबंधक श्री सुशांत डोंगरे एवं एसकेव्हीके प्रबंधक श्री रूपेश कुमार सहित आजीविका मिशन के ब्लॉक प्रबंधक श्री सतीश साहू तथा स्व-सहायता समूहों की बड़ी संख्या में दीदियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को साइबर अपराधों के बदलते तरीकों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तत्काल संबंधित बैंक एवं सक्षम एजेंसी को सूचित करने की सलाह दी गई। जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के प्रति सजग कर सुरक्षित डिजिटल लेन-देन के लिए प्रेरित करना रहा।